

एक साल बाद टेस्ट टीम में वापसी

मयंक अग्रवाल ने भी हाल में एक साल बाद टेस्ट टीम में वापसी की है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच में शानदार शतक लगाया था। वहीं केएल राहुल भी चोट के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। बकौल राहुल हमारे लिए यह शुरुआत है। अभी लंबा सफर तय करना है। हमारी दोस्ती और आपसी तालमेल से भारत के लिए कई मैच जीतने हैं। इस दौरान राहुल ने मयंक से कहा कि उन्होंने बॉक्सिंग डे पर ही डेब्यू किया था। हालांकि उस मैच में वह कुछ खास कमाल नहीं कर पाए थे।

## तुम मेरे और मैं तुम्हारे सफर का हिस्सा रहा हूं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की आगामी टेस्ट सीरीज में भारतीय क्रिकेट टीम को धमाकेदार शुरुआती दिलाने की जिम्मेदारी ओपनर मयंक अग्रवाल और केएल राहुल के कंधों पर होगी। चोट की वजह से अनुभवी ओपनर रोहित शर्मा टेस्ट सीरीज से बाहर हैं। केएल राहुल को हाल में टेस्ट टीम का उप कप्तान भी नियुक्त किया गया है। टीम इंडिया इस समय साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज की तैयारियों में जुटी हुई है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच 26 दिसंबर से सेंचुरियन में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर शुक्रवार को एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें ओपनर केएल राहुल और मयंक अग्रवाल एक दूसरे का इंटरव्यू लेते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में दोनों कई मुद्दों पर बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। मयंक अग्रवाल और राहुल कर्नाटक के लिए साथ खेलने के बाद आईपीएल में पिछले चार साल से पंजाब किंग्स के लिए पारी की शुरुआत कर रहे हैं।

# हरभजन सिंह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

क्रिकेट

## 711 इंटरनेशनल विकेट, 2 वर्ल्ड कप ट्राफी और पहली टेस्ट हैट्रिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम में टर्बनेटर के नाम से जाने जाने वाले आफ स्पिनर हरभजन सिंह ने लंबे इंतजार के बाद आखिरकार इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 23 दिसंबर 2021 को उन्होंने इस बात की घोषणा करते हुए दो दशक के करियर पर विराम लगाया। 41 साल के हो चुके हरभजन ने 2016 में भारत की तरफ से आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सबसे पहले हैट्रिक लेने की कमाल हो या फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की ऐतिहासिक जीत में चमत्कारी गेंदबाजी भज्जी की गेंदबाजी लाजवाब रही। 2007 में टी20 और 2011 में भारत की विश्व कप विजेता टीम का भज्जी अहम हिस्सा थे। 3 जुलाई 1980 को भारतीय टीम के अनुभवी फिरकी गेंदबाज हरभजन सिंह जन्म पंजाब



के जलंधर में हुआ था। मार्च 1998 में इस धुरंधर गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट से करियर का आगाज किया था। वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ शारजाह में भज्जी को पहली बार खेलना का मौका दिया गया। टेस्ट और वनडे में भज्जी ने अपनी गेंदबाजी से ऐसी धाक जमाई जिसने उनको स्टार बना दिया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में 32 विकेट हासिल कर इस गेंदबाज ने जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

**शानदार इंटरनेशनल करियर:** भज्जी ने भारत की तरफ से 103 टेस्ट मैच खेले जिसमें कुल 417 विकेट हासिल किए। उनके नाम टेस्ट में भारत की तरफ से सबसे पहले हैट्रिक लेने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 15 बार टेस्ट में 5 या इससे ज्यादा विकेट लेने का कारनामा किया है। 236 वनडे मैच खेलकर भज्जी ने 269 विकेट चटकाए हैं जबकि 28 टी20 इंटरनेशनल मैच में उनके नाम 25 विकेट हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में तीनों फॉर्मेट मिलाकर भज्जी के नाम कुल 711 विकेट हैं।

बल्लेबाजी में भी भज्जी ने टीम इंडिया के लिए कई मौकों पर कमाल किया है। टेस्ट में उनके नाम 2224 रन हैं जिसमें कुल 2 शतक और 9 अर्धशतक शामिल है। वनडे में इस खिलाड़ी के नाम 1237 रन हैं जिसमें उनका सर्वाधिक स्कोर 49 रन का रहा है। टी20 में भज्जी ने 108 रन बनाए हैं।

# भारत की प्लेइंग इलेवन के लिए 10 खिलाड़ी हैं तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर केएल राहुल को साउथ अफ्रीका दौरे पर रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में टेस्ट टीम का उप कप्तान बनाया गया है। टीम इंडिया के इस बल्लेबाज ने साथी मयंक अग्रवाल से बात करते कई बातों का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि कैसे उनका टेस्ट करियर खत्म हो चुका था लेकिन अब वह वापसी कर चुके हैं और उप कप्तानी करने का मौका मिलेगा।

राहुल बोले, अभी 6-7 महीने पहले तो मैंने यह बात सोची भी नहीं थी कि दोबारा से टेस्ट मैच में भारत के लिए खेलने का मौका मिलेगा। चीजें बहुत ही तेजी से बदलती हैं और बहुत ही ज्यादा



खुश हूं इस बात से कि मुझे साउथ अफ्रीका दौरे पर टीम के उप कप्तान बनाकर इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। मैं इस काम को अच्छे से निभाने के लिए तैयार हूं।

बाक्सिंग डे से जुड़ी मेरे लिए खट्टी मीठी यादें हैं। मैंने आस्ट्रेलिया में बाक्सिंग डे पर ही टेस्ट का डेब्यू किया था लेकिन यह उतना अच्छा नहीं रहा था। बाक्सिंग डे पर ही मैंने अपनी जगह एक बार फिर से गंवाई तो और आपको मेरी जगह मौका मिला, इस बात से आपके लिए खुश था। इसके बाद मुझे लगा था कि शायद अब यह मेरा अंत है वापसी नहीं हो पाएगी। मुझे ऐसा लगता है खेल को लेकर मेरा रवैया अब पहले से ज्यादा संतुलित हो चुका है। 2014 जब मैंने डेब्यू किया तब जैसे खेलता था उसमें अब हद से ज्यादा बदलाव कर लिया है। राहुल द्रविड़ का साथ होना हमारे लिए बहुत ही ज्यादा मददगार है। उन्होंने यहां पर काफी ज्यादा क्रिकेट खेली है और बहुत सारे रन भी बनाए हैं। उनके पास हमारे साथ बांटने के लिए काफी सारा अनुभव है और जितना हो सके उतना बेहतर तरीके से तैयारी करने में वो हमारी मदद कर रहे हैं। यह एक चीज है जिससे काफी ज्यादा आत्मविश्वास बढ़ता है।

## रोहित शर्मा और विराट कोहली को पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने दी सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम में अब दो कप्तान हैं जिसमें रोहित शर्मा के हाथ में वनडे व टी20 टीम की कमान है तो वहीं विराट कोहली अब टेस्ट टीम की कप्तानी कर रहे हैं। कप्तानी का बंटवारा होने के बाद इस बात की उम्मीद की जा रही है कि अब टीम इंडिया और नई ऊंचाईयों को प्राप्त करेगी। टीम इंडिया के दोनों कप्तानों यानी कोहली और रोहित को पूर्व भारतीय क्रिकेटर बलविंदर सिंह संधू ने अहम सलाह दी। आपको बता दें कि कपिल देव की कप्तानी में जब भारत ने पहली बार 1983 में वनडे वर्ल्ड कप खिताब जीता था तब बलविंदर सिंह संधू उस टीम के सदस्य थे। बलविंदर सिंह संधू ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को कपिल देव से सीख लेने की सलाह दी और कहा कि अगर कप्तान बनना है तो कपिल देव की तरह बनो। भारतीय क्रिकेट की तस्वीर साल 1983 वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद बदल गई थी और इसके असली नायक कपिल देव ही थे। उस जीत से प्रेरणा लेकर कई दिग्गज खिलाड़ी भारतीय टीम में आए। बलविंदर सिंह संधू ने कहा कि आप कपिल देव की तरह बनो और उनकी तरह से फील्डिंग करो, कप्तानी करो।

## न्यूज डायरी



### बाबा का अर्धशतक और वाशिंगटन सुंदर की पारी से तमिलनाडु फाइनल में पहुंचा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विजय हजारे ट्राफी 2021 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में तमिलनाडु ने सौराष्ट्र को हराकर फाइनल में जगह बना ली। बेहद रोमांचक इस मुकाबले में तमिलनाडु की टीम को दो विकेट से जीत मिली। इस मैच में पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए सौराष्ट्र ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 310 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और तमिलनाडु को जीत के लिए 311 रन का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में तमिलनाडु की टीम ने 49.5 ओवर में 8 विकेट पर 314 रन बनाकर मैच में जीत दर्ज की। फाइनल में अब तमिलनाडु की सामना हिमाचल प्रदेश से होगा। हिमाचल की टीम ने सर्विसेज को पहले सेमीफाइनल मुकाबले में 77 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इस मैच में सौराष्ट्र की टीम की बल्लेबाजी पहली पारी में काफी अच्छी रही थी और इस टीम की तरफ से शेल्डन जैक्सन ने 134 रन की शतकीय पारी खेली।

### मयंक अग्रवाल की टीम में वापसी में गुरु द्रविड़ ने कैसे की मदद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सेंचुरियन। भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल कहना है कि टीम से दूर रहने के दौरान उन्होंने अपने खेल के मानसिक पहलू को समझने पर काम किया। मयंक का कहना है कि इस चीज पर कोच राहुल द्रविड़ भी हमेशा जोर देते हैं और इससे उन्हें वापसी में काफी मदद मिली। कर्नाटक के 30 वर्षीय अग्रवाल कनकशन (सिर में चोट) के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर हो गए थे और उसके बाद टीम में जगह गंवा दी थी। उन्होंने हाल ही में विश्व टेस्ट चौम्पियन न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 150 और 62 रन बनाकर वापसी की। उन्होंने सलामी बल्लेबाज और भारत के उपकप्तान के एल राहुल से बातचीत के दौरान कहा , यह नई शुरुआत नहीं है। पिछले एक साल मैं खुद को समझने की कोशिश करता रहा और यह जानने की भी कि मेरी ताकत और कमजोरियां क्या है। बीसीसीआई टीवी पर डाले गए इस वीडियो में उन्होंने कहा , मुझे वापसी करके अच्छा प्रदर्शन कर पाने की खुशी है और आगे भी इस लय को कायम रखूंगा।

### मैक्ग्रा ने इंग्लैंड के क्रिकेटर्स की आक्रामकता पर उठाए सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने मौजूदा एशेज सीरीज में इंग्लैंड के खिलाड़ियों में आक्रामकता के अभाव की निंदा करते हुए कहा कि वह 'अच्छे बने रहने' की होड़ की बजाय करीबी प्रतिस्पर्धी मुकाबले देखना चाहेंगे। मैक्ग्रा कहा कि आईपीएल और बिग बैश लीग के कारण इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों में अत्यधिक भाईचारे से वह जुनून कम हो गया है जो देश के लिए खेलते समय चाहिए। इस कंगारू दिग्गज ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा , श्कई बार जरूरत से ज्यादा अच्छाई हो जाती है। सबकी नजर में अच्छे बने रहने की होड़। ऐसे में लोग आक्रामक नहीं होना चाहते। मुझे याद है जब नासिर हुसैन यहां इंग्लैंड टीम के साथ आए थे तो उन्हें हमसे बात करने या गुड डे कहने की भी अनुमति नहीं थी।

### पाकिस्तानी क्रिकेटर ने हार्दिक पांड्या को बताया बेहद कमजोर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हार्दिक पांड्या इन दिनों फिटनेस की परेशानी से गुजर रहे हैं। हालांकि वो इस वक्त एनसीए में अपनी फिटनेस पर काम कर रहे है जिससे कि वो पूरी तरह से फिट होकर एक बार फिर से टीम इंडिया के लिए खेल सकें। हार्दिक पांड्या अपनी पीठ की सर्जरी के बाद से लगातार खुद को साबित करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वो ऐसा नहीं कर पा रहे। हार्दिक पांड्या बल्लेबाजी तो कर ले रहे हैं, लेकिन गेंदबाजी के मोर्चे पर वो पूरी तरह से फेल हो रहे हैं। यही नहीं हार्दिक पांड्या को आइपीएल की टीम मुंबई इंडियंस ने भी आइपीएल 2022 के लिए रिटेन नहीं किया था।